सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
चैत्र 02, बुधवार, शाके 1943-मार्च 23, 2022 *Chaitra 02, Wednesday , Saka 1943- March 23, 2022*	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत्त् शासन विभाग राज0 जयपुर

आदेश

जयपुर, दिसम्बर 01, 2021

संख्या प.8(ड)( )का.भा./डीएलबी/21/4395 :-श्रीमती डॉ0 सौम्या गुर्जर, महापौर नगर निगम ग्रेटर-जयपुर को विभागीय आदेश क्रमांक प.2 (च)(322)जांच/डीएलबी/2021/1413 दिनांक 06.06.2021 द्वारा महापौर एवं सदस्य के पद से निलम्बित किया गया था। विभागीय समसंख्यक आदेश क्रंमांक 2447 दिनांक 07.06.2021 के द्वारा श्रीमती शील धाबाई अन्य पिछडा वर्ग (महिला), सदस्या वार्ड संख्या 60 नगर निगम ग्रेटर-जयपुर राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50(1) के प्रावधानो के दृष्टिगत महापौर का कार्यभार सौपा गया था आदेश दिंनाक 07.06.2021 की निरन्तरता में विभागीय आदेश क्रंमाक 3598, दिनांक 29.07.2021 व 4062 दिंनाक 29.09.2021 के द्वारा आगामी 60 दिवस अथवा राज्य सरकार द्वारा प्रदत अन्य आदेश जो भी पूर्व हो तक के लिये महापौर के पद की कार्यभार अवधि बढायी गई थी।

नगर निगम ग्रेटर-जयपुर में महापौर का पद अन्य पिछडा वर्ग (महिला) के लिए आरक्षित है। राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50(1) के प्रावधानो के दृष्टिगत अन्य पिछडा वर्ग की महिला को ही महापौर का कार्यभार दिया जाना विधि सम्मत है।

अत: पूर्व आदेशो की निरन्तरता में श्रीमती शील धाबाई अन्य पिछडा वर्ग (महिला), सदस्या वार्ड संख्या 60 नगर निगम ग्रेटर-जयपुर की वरिष्ठता, अनुभव व नगर निगम ग्रेटर-जयपुर में राजनैतिक दल के बहुमत को मद्धेनजर रखते हुए ''श्रीमती शील धाबाई अन्य पिछडा वर्ग (महिला), सदस्या वार्ड संख्या 60 नगर निगम ग्रेटर-जयपुर को महापौर के पद का कार्यभार की अवधि दिनांक 03.12.2021 को पूर्ण हो जावेगी। अत: राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50 के प्रावधानो के अध्यधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त कार्यभार अवधि पूर्व आदेश क्रंमांक 4062 दि. 29.09.2021 के क्रंम में आगामी 60 दिवस अथवा राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य आदेश जो भी पूर्व हो तक के लिए कार्यभार अवधि बढाई जाती है।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

दीपक नन्दी,

निदेशक एवं विशिष्ट सचिव।

3756

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।